# Thirteenth Loksabha

## Session : 9
## Date : 29-04-2002

## Participants : Bhagat Prof. Dukha

**Title:** Need to lay a railway line between Lohardagga and Jaspur via Gumla, Chhattisgarh.

**प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला जिला के मुख्यालय में आज़ादी के 54 साल के बाद भी रेल सेवा नहीं है जिसके कारण यहां के लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और अत्यंत पिछड़ा हुआ है। रेल सेवा के अभाव में यहां का आर्थिक विकास तो हो ही नहीं सकता है। इसलिए इस क्षेत्र में रेल लाइन का बनना अति आवश्यक है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि लोहरदगा से जसपुर वाया गुमला नई रेल लाइन बनाकर इस पर रेल सेवा आरंभ की जाए जिससे इस क्षेत्र का आर्थिक विकास संभव हो सके।